CPEC और LAC पर उभरती चुनौतियाँ

स्रोत: इकॉनोमिक टाइम्स

पाकिस्तान-चीन विदेश मंत्रियों की पाँचवीं रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता के बाद, दोनों नेताओं ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे **(China-Pakistan Economic Corridor- CPEC)** सहित प्रमुख हितों के मामलों पर एक-दूसरे को समर्थन जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

- एक अन्य घटना में चीन ने चल रहे तनाव के बीच अपनी सैन्य उपस्थिति को मज़बूत करने की रणनीति के तहत वास्तविक नियंत्रण रेखा **(Line of Actual Control- LAC)** के पास एक **तिब्बती हवाई क्षेत्र** में उन्नत J-20 स्टील्थ लड़ाकू विमान तैनात किये हैं।

चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC) क्या है?

- **परिचय:**
  - CPEC एक प्रमुख बुनियादी ढाँचा और विकास परियोजना है।
    - पाकिस्तान में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ CPEC, चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव **(Belt and Road Initiative- BRI)** का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका लक्ष्य पाकिस्तान में ग्वादर और कराची बंदरगाहों तथा चीन के झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र के बीच 3,000 किलोमीटर का सड़क बुनियादी ढाँचा संपर्क स्थापित करना है।
  - चीन-पाकिस्तान CPEC के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं में तेज़ी लाने की योजना बना रहे हैं, जिनमें ग्वादर बंदरगाह का विकास और **काराकोरम राजमार्ग का निर्माण** शामिल हैं।
- **CPCE का विरोध:**
  - भारत CPEC का विरोध करता है क्योंकि यह **पाकिस्तान के कब्ज़े वाले जम्मू और कश्मीर (Pakistan-occupied Jammu and Kashmir- PoK)** से होकर गुज़रता है जो भारत का अभिन्न अंग है।
  - **पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत** के नागरिकों ने भी CPEC परियोजना का विरोध किया है और इस क्षेत्र के अंतर्गत उनकी **व्यक्तिगत स्वतंत्रता के दमन का आरोप** लगाया है।

[//](#) 

चीन द्वारा LAC के निकट J-20 लड़ाकू विमानों की तैनाती:

- उपग्रह से प्राप्त चित्रों में हवाई अड्डे पर छह **J-20 लड़ाकू** विमानों को ज़मीनी चालक दल और आवश्यक सहायक उपकरणों के साथ दिखाया गया है।
    - चीन ने क्षेत्र में **होटन**, **काशगर और गरगुंसा** सहित कई हवाई अड्डों को उन्नत किया है तथा रनवे का विस्तार किया है, साथ ही आश्रय स्थल एवं भंडारण सुविधाओं का भी निर्माण किया है।
    - भारत ने LAC पर चीन के J-20 लड़ाकू विमान की तैनाती का जवाब दिया है, क्योंकि भारत के पास [राफेल जेट](#) और अन्य उन्नत कोटि के विमान हैं।
- LAC से मात्र 155 किमी. दूर और [डॉकलाम](#) **के नज़दीक स्थित शिगात्से दोहरे उपयोग वाला हवाई अड्डा,** भारत **पूर्वी क्षेत्र में चीन के लिये सामरिक महत्त्व** रखता है।
- जवाब में भारत ने पूर्वी क्षेत्र में [**सुखोई-30MKI लड़ाकू**](#) विमानों को तैनात किया है, साथ ही **पश्चिम बंगाल के हासीमारा एयरबेस पर राफेल विमानों का एक स्क्वाड्रन भी तैनात** किया है।

UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

[illegible]:

प्रश्न. कभी-कभी समाचारों में आने वाला 'बेल्ट एंड रोड इनशिएिटवि (Belt and Road Initiative)' कसिके मामलों के संदर्भ में आता है? (2016)

(a) अफ्रीकी संघ
(b) ब्राज़ील
(c) यूरोपीय संघ
(d) चीन

उत्तर: (d)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cpec-and-emerging-challenges-at-lac